# रणनीतिक कार्रवाई में भी सक्षम

## पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर सेना की भावनाएं फिर से उभर आई हैं

▸ नागरिकों केसाथ हुई बर्बरता को देश कभी नहीं भूलेगा

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल. पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर भावनाएं फिर से उभर आई हैं.**

22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुआ यह हमला हाल के वर्षों की सबसे क्रूर घटनाओं में गिना जाता है, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी.इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था और आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को और अधिक सख्त बनाने की दिशा में निर्णायक मोड़ दिया.बरसी के मौके पर भारतीय सेना ने स्पष्ट संदेश दिया है कि देश के खिलाफ किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर हमले का जवाब तय है.सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए संदेश में सेना ने कहा कि न्याय जरूर होगा और नागरिकों के खिलाफ हुई किसी भी बर्बरता को कभी नहीं भूलेगा.




### राजनाथ ने दी श्रद्धांजलि

राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस हमले के जख्म कभी नहीं भुलाए जा सकते. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके पीड़ितों को याद करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में अडिग है.उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के नापाक मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे.

## बिलासपुर से नई दिल्ली के लिए विमान जल्द

**बिलासपुर, 22 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित बिलासा देवी केवट हवाई अड्डे से नयी दिल्ली के लिए तीन मई को सीधी विमान सेवा की शुरुआत होने जा रही है. एलायंस एयर द्वारा शुरू की जा रही यह उड़ान फिलहाल हर रविवार संचालित होगी, जिससे यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा. नयी व्यवस्था के अनुसार विमान शाम करीब 6-45 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगा.यह उड़ान रात 9-25 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी.लंबे समय से बिलासपुर से दिल्ली के लिए सीधी उड़ान की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है.अपराह्न में अधिक तापमान के कारण विमानों में सीटों की संख्या सीमित करनी पड़ती है, लेकिन अब यह समस्या नहीं होगी.

# जम्मू-श्रीनगर के बीच 30 से सीधी ट्रेन सेवा

▸ वंदे भारत से जुड़ा जम्मू-श्रीनगर, सफर होगा आसान

**श्रीनगर, 22 अप्रैल. जम्मू-कश्मीर में रेल कनेक्टिविटी को नई दिशा देते हुए जम्मू और श्रीनगर के बीच सीधी ट्रेन सेवा 30 अप्रैल से शुरू होने जा रही है.**

इस ऐतिहासिक पहल के तहत वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा, जिससे दोनों शहरों के बीच यात्रा पहले से कहीं अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगी. उत्तर रेलवे के अनुसार, इस सेवा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और ट्रायल रन भी सफल रहा है.इस ट्रेन के संचालन से न केवल यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा



मिलेगा।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह इस सेवा का औपचारिक शुभारंभ करेंगे।वर्तमान में कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा संचालित हो रही है, जिसे अब जम्मू तक विस्तारित किया जा रहा है.इससे यात्रियों को सीधी और अधिक सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा. नई सेवा शुरू होने से यात्रा समय में कमी आएगी और मौसम या सड़क बंद होने की स्थिति में भी यात्रियों को एक भरोसेमंद विकल्प मिलेगा।

यह परियोजना उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में जोड़ना है.इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जून 2025 में किया गया था. इस नई ट्रेन सेवा से न केवल स्थानीय लोगों को फायदा होगा, बल्कि पर्यटन उद्योग को बड़ा बढ़ावा मिलेगा.

खासतौर पर श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के लिए यह सेवा बेहद उपयोगी साबित होगी.

## दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, 22 अप्रैल (वार्ता)** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक महिला से दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी-नारकोटिक्स सेल (द्वारका) में तैनात दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने आरोपी हेड कांस्टेबल अजय और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि शिकायतकर्ता को झूठे मामले में न फंसाने के बदले 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गयी थी, जिसकी पहली किस्त के रूप में पांच लाख रूपये का भुगतान करने की समय सीमा 21 अप्रैल तक दी गयी थी।

# होम स्टे में रुकी अमेरिकी महिला से रेप

**बेंगलुरु, 22 अप्रैल.** कर्नाटक के कूर्ग हिल स्टेशन से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां दो युवकों पर आरोप है कि उन्होंने होमस्टे में एक अमेरिकी महिला टूरिस्ट से रेप किया. पीड़ित

### होमस्टे का मालिक और कर्मचारी अरेस्ट

महिला अमेरिका की रहने वाली है और वह कट्टा गांव में स्थित एक होमस्टे में रुकी थी. पुलिस ने इस मामले में होमस्टे के मालिक और एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है.

मुख्य आरोपी की पहचान झारखंड के रहने वाले बृजेश कुमार के रूप में हुई है. आरोप है कि उसने महिला के ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाया और फिर होमस्टे में ही उसके साथ रेप किया. एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसे ड्रिंक में नशे की कोई चीज मिलाकर दी गई थी.

### प्रेमिका ने प्रेमी को कुर्सी से बांधकर जिन्दा जलाया

पुलिस ने बुधवार को एक युवती को बॉयफ्रेंड की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार, युवती ने 21 अप्रैल को सरप्राइज देने का झांसा देकर युवक की आंखों पर पट्टी बांधी. फिर कुर्सी पर बैठाकर रस्सी से हाथ-पैर बांधे और जिंदा जला दिया. युवती ने बॉयफ्रेंड की मौत का वीडियो भी बनाया. दोनों 27 साल के थे. दोनों शहर के राजाजीनगर स्थित मोबाइल स्टोर में साथ काम करते थे और करीब दो साल से रिलेशनशिप में थे. घटना शहर के ब्यादरहल्ली इलाके में प्रेमा के घर पर दोपहर करीब 2 बजे हुई. प्रेमा के परिवार के लोग घर पर नहीं थे. इसी का फायदा उठाकर उसने किरण को बुलाया और हत्या कर दी. किरण तुमकुरु जिले के चिक्कनायकनहल्ली का रहने वाला था. प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि आरोपी युवती ने रोमांटिक मीटिंग के बहाने युवक को बांधा. कुछ ही मिनट बाद उस पर केरोसिन या पेट्रोल डालकर आग लगा दी. खुद को छुड़ा न पाने के कारण किरण की मौके पर ही मौत हो गई.

# बातचीत की तैयारियों में लेबनान की मदद करेगा फ्रांस

**पेरिस, 22 अप्रैल.फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस लेबनान को इजरायल के साथ बातचीत की तैयारियां करने में मदद करेगा.**

मैक्रों ने लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम लेबनानी सरकार को इन वार्ताओं की तैयारी करने और पूर्ण संप्रभुता बहाल करने के लिए आवश्यक योजना बनाने में, जहां तक संभव हो सकेगा, सहायता प्रदान करेंगे.उन्होंने कहा



कि फ्रांस आने वाले दिनों में लेबनान को लगभग 10 टन सहायता सामग्री भी भेजेगा, जिससे फ्रांस की ओर से द्वारा दान की गयी कुल मानवीय सहायता की मात्रा बढ़कर 70 टन हो जाएगी.

### आज का इतिहास

1616- विलियम शेक्सपियर का निधन.
1660- स्वीडन और पोलैंड ने ओलिवा सहमति .
1908- डेनमार्क, ब्रिटेन, ने (नाटो) पर हस्ताक्षर किये.
1935- यूरोपीय देश पोलैंड ने संविधान अपनाया.
1968- मशहूर गायक बड़े गुलाम अली खान का निधन.
1981- सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया.
1992- चीन में अपना पहला फास्ट-फूड खोला.
1995- विश्व पुस्तक दिवस मनाने की शुरुआत हुई .

# उन्हें संरक्षण देने वाले यह समझ लें कि भारत एक मजबूत राष्ट्र है

**नई दिल्ली 22 अप्रैल.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की.उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि आज ही के दिन कायर आतंकवादियों ने पहलगाम में मासूम लोगों पर गोलियां चलाई थीं।

इस नृशंस हमले में जान गंवाने वाले सभी निर्दोष नागरिकों को उन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि दी. केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा



कि आतंकवादी और उन्हें संरक्षण देने वाले यह समझ लें कि भारत एक मजबूत राष्ट्र है. देश के हर कोने में देशभक्ति की भावना रची-बसी है और भारत माँ की रक्षा के लिए हमारे वीर जवान हर समय तैनात हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि देश कभी कमजोर नहीं होगा और आतंकवाद का अंत निश्चित है.

## आईआरएस की बेटी के मर्डर का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल.** दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके में आईआरएस अधिकारी की बेटी की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. इस हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और वारदात के बाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. फुटेज में संदिग्ध आरोपी बैग लेकर भागता हुआ दिखाई दे रहा है. वह पीली टी-शर्ट पहने हुए है और उसके कंधे पर बैग टंगा हुआ नजर आता है. सूत्रों के मुताबिक, जांच में लूटपाट के सबूत भी मिले हैं, जिससे यह मामला और गंभीर हो गया है.

# मालेगांव ब्लास्ट केस में 4 को हाई कोर्ट से राहत

**मुंबई, 22 अप्रैल.** बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2006 के मालेगांव धमाका मामले में चार आरोपियों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें बरी कर दिया है. अदालत ने विशेष अदालत द्वारा आरोप तय करने के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि मामले में पर्याप्त आधार नहीं बनता.

यह मामला 8 सितंबर 2006 को मालेगांव में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से जुड़ा है, जिसमें 31 लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे. इस फैसले के साथ ही लंबे समय से चल रहे इस केस में एक महत्वपूर्ण मोड़ आ गया है. हाई कोर्ट की इस कार्रवाई को न्यायिक प्रक्रिया के तहत सबूतों के मूल्यांकन और कानूनी आधारों की समीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। इन धमाकों में 31 लोगों की जान चली गई थी और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे.

> शुरुआत में इस मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी, जिसमें नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया था. बाद में जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी गई, जिसने अपनी जांच में इन चार आरोपियों की भूमिका बताई थी।हालांकि, आरोपियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया कि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर राफेल-सुखोई की धमाकेदार एंट्री

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे बुधवार को भारतीय वायु सेना की ताकत का गवाह बना, जहां दोपहर करीब 2 बजे भव्य एयर शो की शुरुआत हुई. इस ऐतिहासिक आयोजन में सबसे पहले सी 295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने एक्सप्रेसवे पर बनी इमरजेंसी एयरस्ट्रिप पर सफल लैंडिंग कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया.**

एयर शो के दौरान जगुआर लड़ाकू विमान ने सबसे पहले उड़ान भरी, जिसके बाद राफेल, सुखोई और मिराज जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स ने बारी-बारी से टेकऑफ और लैंडिंग कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया. इन विमानों की तेज रफ्तार और सटीक नियंत्रण ने हर किसी को भारतीय वायु सेना की ताकत का एहसास कराया. सैन्य शक्ति के प्रदर्शन को और


▸ हेलीकॉप्टर ड्रिल ने बढ़ाया रोमांच

प्रभावशाली बनाते हुए एम17 हेलीकॉप्टर से कमांडोज ने मॉक ऑपरेशन किया. इस दौरान आपातकालीन हालात में कैसे कार्रवाई की जाती है, इसका लाइव प्रदर्शन किया गया. वहीं एम32 भीष्म एयरक्राफ्ट ने एयरस्ट्रिप पर 'टच एंड गो' अभ्यास कर अपनी दक्षता दिखाई.

## रक्षा सहयोग के रोडमैप पर हस्ताक्षर, भारत-जर्मनी रणनीतिक रक्षा साझेदारी को बनाएंगे मजबूत

**नयी दिल्ली 22 अप्रैल (वार्ता) भारत और जर्मनी ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए रक्षा और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बुधवार को बर्लिन में विस्तार से चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग रोड़मैप पर हस्ताक्षर किये।**

जर्मनी की तीन दिन की यात्रा पर गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के अपने समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। विशेष रूप से रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों यानी कि विशेषकर उन्नत एवं विशिष्ट प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही, दोनों मंत्रियों ने सैन्य सहयोग



को रणनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के दौरान भारत और जर्मनी के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप तथा संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा प्रशिक्षण में सहयोग के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए और उनका आदान-प्रदान किया गया। रक्षा मंत्री ने जर्मनी यात्रा को गहरी मित्रता, तालमेल और विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विशेषकर बोरिस पिस्टोरियस के जर्मनी के रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद, रक्षा सहयोग में इस साझेदारी को काफी गति मिली है।

> श्री सिंह ने कहा कि हाल ही में हुए भारत-यूरोपीय संघ सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी समझौते से सामूहिक सहयोग को और गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय स्थिरता को सुदृढ़ करने, संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाने तथा भारत-जर्मनी के दीर्घकालिक रणनीतिक गठबंधन को और मजबूत करने के लिए इस ढांचे का द्विपक्षीय एवं व्यापक यूरोपीय संदर्भ में प्रभावी उपयोग करने पर सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में भारत और जर्मनी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को बेहद जरूरी स्थिरता और मजबूती प्रदान की है। आतंकवाद के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इसके सभी प्रारूपों और अभिव्यक्तियों की बिना किसी अपवाद या औचित्य के निंदा की जानी चाहिए।जर्मनी के रक्षा मंत्री ने सेनाओं के स्तर पर कार्मिक वार्ता और भविष्य के द्विपक्षीय सैन्य अभ्यासों को संस्थागत बनाये जाने की सराहना की। श्री सिंह ने कहा कि इस वर्ष सितंबर या अक्टूबर में भारत में आयोजित होने वाले %तरंग शक्ति% अभ्यास के अगले संस्करण में भारत जर्मनी की वायु सेना की भागीदारी को लेकर उत्सुक है।बैठक से पहले श्री सिंह के जर्मन रक्षा मंत्रालय पहुंचने पर उन्हें औपचारिक सलामी गारद दी गयी। इससे पहले रक्षा मंत्री ने सम्मान के प्रतीक के रूप में बुंडेसवेहर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। यह स्मारक उन सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया।

# 1054 करोड़ की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण

▸ सीएम 6 सड़कों का शिलान्यास करेंगे
▸ 470 परियोजनाओं की देंगे सौगात

**गोरखपुर 22 अप्रैल.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को ईको पार्क सहित 470 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे और वह करीब 1054 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।आधिकारिक सूत्रों ने बुध्दवार को बताया कि इनमें ईको पार्क के सामने सड़क सहित 173 विकास कार्यों का लोकार्पण और सीएम ग्रिड के तहत 6 स्मार्ट सडकों समेत 297 कार्यों का शिलान्यास शामिल है. उन्होंने बताया कि लोकार्पण और शिलान्यास के लिए समारोह का आयोजन गोरखपुर के एकला बांध



पर विकसित और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों जनता को समर्पित होने जा रहे ईको पार्क में होगा। यह पार्क जहां बनाया गया है वहां कभी कूड़े का पहाड़ हुआ करता था।महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव बताते हैं कि नगर निगम ने 2.26 लाख मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण करने के बाद कूड़ा मुक्त हुई 40 एकड़ भूमि को ईको पार्क के रूप में विकसित कर दिया है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत ईको पार्क बनाने में करीब 5 करो? रुपये की लागत आई है। ईको पार्क में वाकिंग ट्रैक और फुटपाथ बनाए गए हैं जहां लोग सुबह और शाम सैर कर सकेंगे। योग और ध्यान के लिए अलग स्थान हैं. बच्चों के लिए भी सुरक्षित किड्स जोन का विकास किया गया है।मुख्यमंत्री गुरुवार को ही एकला बंधा पर 8.35 करो? रुपये की लागत से कराए गए सड़क चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य, राजघाट पुल से कारकस प्लांट तक 7.71 करोड़ से कराए गए सड़क सुधार कार्य का भी लोकार्पण करेंगे। 304.68 करोड़ रुपये की लागत से लोकार्पित होने वाले 173 कार्यों में विभिन्न वार्डों में सड़क व नाली निर्माण के 87 कार्य ;लागत 95.77 करोड़, जल निकासी के लिए नाला निर्माण के 83 कार्य ;लागतन 129.85 करोड़ तथा 58 करोड़ के महापौर पार्षद वरीयता कार्य शामिल हैं।

> सीएम ग्रिड तृतीय चरण में 45.68 करोड़ रुपये से गणेश चौक से विश्वविद्यालय चौक एवं अलंकार ज्वेलर्स से एचपी स्कूल, डीएम आवास होते हुए हरिओम नगर तिराहा तक 23.43 करोड़ रुपये से स्पोर्ट्स कॉलेज रोड से जायसवाल मार्ट होते हुए पुलिया तक तथा 21.60 करोड़ रुपये से कचहरी चौक से शास्त्री चौक होते हुए बेतियाहाता चौक सड़क को स्मार्ट बनाया जाएगा जबकि तृतीय अनुपूरक चरण में 63.94 करोड़ रुपये की लागत से टीडीएम तिराहा से टीपीनगर 28 तक, 62.94 होते हुए घंटाघर तक सड़कतक विस्तार.

## गुटेरेस ने युद्ध विराम बढ़ाने का स्वागत किया

**न्यूयॉर्क, 22 अप्रैल.** संयुक्त के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को अमेरिका द्वारा युद्धविराम बढ़ाने का स्वागत किया और इसे अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और कूटनीति तथा भरोसा बनाने की दिशा में एक ज़रूरी कदम बताया। श्री गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानकारी दी है.श्री दुजारिक ने एक बयान में कहा कि हम सभी पक्षों को इस प्रक्रिया को बनाए रखने, ऐसे कामों से बचने का आग्रह करते हैं.


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **विपिन कुमार शर्मा** था जो अब परिवर्तित कर **विपिन शर्मा** हो गया है। अब भविष्य में मुझे **विपिन शर्मा** नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**विपिन शर्मा**
**34, द्रविड़ नगर, इंदौर (म.प्र.)**
**मोबा. 98275-62255**



## पश्चिम मध्य रेल

**इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के (कार्य) मंडल रेल प्रबंधक (समन्वय) निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम-डब्ल्यू-जेबीपी-55-2026, दिनांक 15.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप-मंडल के अंतर्गत मैहर डिपो में रेलवे के ट्रैक गिट्टी आईएस/आरडीएसओ-जीई/0001:2023 विनिर्देशन के अनुसार 65 एम.एममशीन क्रश हार्ड और ड्यूरेबल ट्रैक स्टोन गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और लोडिंग, जिसमें सभी लीड, लिफ्ट, कर, रॉयल्टी, शुल्क आदि शामिल हैं।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 5,72,68,500/-, **बयाना राशि रुपये :** 11,45,400/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम-डब्ल्यू-जेबीपी-56-2026, दिनांक 16.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण), जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के संबंध में, सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 52Kg/60Kg/90UTS/R-260 रेल की इन-सीटू वेल्डिंग का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,50,16,609/-, **बयाना राशि रुपये :** 3,00,300/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी आर. एम.-डब्ल्यू-जेबीपी-57-2026, दिनांक 16.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** कटनी - सतना और खजुराहो- कैमोर खंडः - एलएचएस संख्या जेके-6 और 379/ए पर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के साथ जल निकासी की सुविधा के लिए स्वचालित जल निकासी पंप द्वारा एलएचएस की जल निकासी प्रणाली में सुधार, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 21,96,568/-, **बयाना राशि रुपये :** 43,900/-, **समापन अवधि :** 03 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी आर. एम.-डब्ल्यू-जेबीपी-58-2026, दिनांक 16.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत इटारसी-जबलपुर सेक्शन में कुल 1533 जोडों में मोबाईल फ्लैश वेल्डिंग का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,77,90,786/-, **बयाना राशि रुपये :** 3,55,800, **समापन अवधि :** 12 माह, **सभी निविदाओं की भरने की अंतिम तिथि एव समय 15.00 बजे :** 12/05/2026, **सभी निविदाओं की खुलने की अंतिम तिथि एंव समय 15. 15 बजे :** 12/05/2026 उपरोक्त ई निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट-https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे (कार्य) जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई. निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी. निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

**हस्ता.**
**मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**इंदौर पिपलियाहाना डायरेक्ट शाखा :** प्लॉट नं. बी-1, तीसरी मंजिल, ग्रेटर ब्रजेश्वरी, स्कीम नं. 140, पिपलियाहाना, इन्दौर, म.प्र.-452001
**इंदौर शाखा:** प्लॉट नंबर 4 एवं 5, शॉप नंबर 105, 107, 109, प्रथम मंजिल, शेखर सेंट्रल, पलासिया चौराहा, मनोरमागंज, ए.बी. रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश -452001

### ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रं. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 71710000150/ इंदौर पिपलियाहाना डायरेक्ट शाखा) पारस नामदेव (ऋणी) खुशबू नामदेव (सह-ऋणी) | 09-01-2026 & ₹ 8,86,067/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, प.ह.नं. 59/117, तलमंजिल (कंचन विहार के नाम से ज्ञात-4) हाउसिंग बोर्ड पिथमपुर वार्ड नं. 28, प्लाट नं. 412 बगदून धार मध्य प्रदेश 454775 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - इसी सर्वे की शेष भूमि, पश्चिम - मकान नं. 413, उत्तर - रोड़, दक्षिण - मकान नं. 477 | Rs. 7,50,000/- | Rs. 75,000/- | भौतिक |
| 2 | (लोन कोड नं. 00310001805 / इंदौर शाखा) आनंद मिश्रा (ऋणी) लीला बाई (सह-ऋणी) | 10-12-2024 & ₹ 22,47,798/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राउण्ड प्रथम मंजिल मकान नंबर 980/40 तेलीखेड़ा महू नीमच रोड के पास, वार्ड नंबर 11 महूगांव, इंदौर म.प्र. - 453441 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - गली, पश्चिम - जटा शंकर तिवारी का मकान, उत्तर - विजय मिश्रा का मकान, दक्षिण - रोड़ | Rs. 27,20,000/- | Rs. 2,72,000/- | भौतिक |

**1.** केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **28-05-2026 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **2.** संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **29-05-2026 दोपहर : 03:00 बजे से 04:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है। **3.** जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी। **4.** डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। **5.** नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें। **6.** इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/ signup,** लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। **7.** अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **दीपक मालवीय (संपर्क नंबर 7583898990)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है। **8.** बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋ णदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें। **9.** नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है। **10.** यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**स्थान : मध्यप्रदेश, दिनांक : 23.04.2026**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**